Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:24 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 240 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 21 मार्च 2025

सलमान की सिकंदर में नजर आएंगे...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दिल्ली से पांच युवकों में दो नदी में बहे, एक को बचाया

**ऋषिकेश।** दिल्ली से आए पांच युवकों में से एक युवक नदी में बह गया। एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटी है।
ऋषिकेश चीला शक्ति नहर थाना लक्ष्मणझूला के अंतर्गत कौड़ियां पुल से आगे दिल्ली से आए पांच युवकों से दो युवक नहाने के दौरान नदी में बहने लगे। स्थानीय दुकानदार की तत्परता से एक युवक को बचा लिया गया। जबकि दूसरे की तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी है। शुक्रवार को अखिलेश (24) निवासी दिल्ली को लोकल दुकान मालिक ने चेन की मदद से सकुशल रेस्क्यू किया। वहीं दूसरा युवक मयंक (24) पानी के तेज बहाव में बह गया। एसडीएआरएफ की टीम दूसरे युवक की तलाश में जुटी है।

### प्रदेश में इस बार बिजली दरें होंगी दोहरी महंगी

**देहरादून।** प्रदेश में इस बार बिजली दरें दोहरी महंगी होंगी। दरों में वार्षिक वृद्धि के साथ ही यूजेवीएनएल का पावर डेवलपमेंट फंड भी जुड़ेगा। उत्तराखंड में इस बार बिजली की दरों पर दोहरी महंगाई का साया मंडरा रहा है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने तीनों ऊर्जा निगमों के वार्षिक टैरिफ के साथ ही यूजेवीएनएनएल का पावर डेवलपमेंट फंड भी देने की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग का फोकस इस बात पर भी है कि उपभोक्ताओं पर इसका ज्यादा भार न पड़े। तीनों ऊर्जा निगमों ने इस बार नियामक आयोग में 29 प्रतिशत (यूपीसीएल 12, पिटकुल 12, यूजेवीएनएल 5 प्रतिशत) बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। नियामक आयोग इन पर जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। बुधवार को आयोग के अध्यक्ष एमएल प्रसाद की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति की बैठक भी हुई, जिसमें उद्योगों के प्रतिनिधि बिजली महंगी करने के पक्ष में नजर नहीं आए। सभी हितधारकों ने अपने सुझाव रखे। अब नियामक आयोग जनसुनवाई और इस बैठक के सुझावों को संज्ञान में रखते हुए अपना निर्णय लेगा, जिससे बिजली की नई दरें जारी की जाएंगी। ये दरें एक अप्रैल से लागू होंगी।

# हर वायदे पर खरी उतर रही धामी सरकार: पासी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

धामी सरकार के 3 साल बेमिसाल रहें है , और हर वायदे पर खरी उतरी सरकार। यह बात धामी सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व सांसद और दर्जा मंत्री बलराज पासी ने कहीं।उन्होंने कहाँ कि धामी सरकार ने समान नागरिक आचार सहिंता का ऐतिहासिक निर्णय लिया और लैंड जिहाद से हुई कब्जे की 144. 5 हजार एकड़ से अधिक भूमि मुक्त की गयी। सरकार द्वारा महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण, आर्थिकी बढ़ाने के कई निर्णय लिये गये और सांस्कृतिक सरंक्षण व जमीन बचाने को मजबूत भू कानून बनाया। रोजगार के लिए




सजग धामी सरकार ने पारदर्शी तरीक़े से 20 हजार से अधिक युवाओं को दी सरकारी नौकरियां। पासी ने कहाँ कि अपने वायदे के अनुसार सीएम धामी के दृढ़ इच्छा शक्ति से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है। मातृ शक्ति को अधिकार संपन्न बनाने और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की दिशा मे उनकी पहल का देश भर मे स्वागत किया गया। खुद पीएम मोदी ने उनकी इस पहल की मुक्त कंठ से प्रसंसा की, बल्कि नजीर भी बताया। राज्य मे वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अब पात्र पति व पत्नी दोनों को लाभ मिल सकेगा। सड़क, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी तथा आम जन तक राहत पहुंचाने वाले फैसले अमल मे लाये गए। वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान तथा दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत प्रदत्त दर 1200 रूपये प्रतिमाह में 200 रूपये की वृद्धि की गई है। अब इनमें प्रतिमाह 1400 रूपये पेंशन प्राप्त हो रही है ।नगरीय क्षेत्रों में ट्रेफिक समस्या को दूर करने के लिये पार्किंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। सर्फेस पार्किंग के साथ ही मल्टीस्टोरी पार्किंग, केविटी पार्किंग व टनल पार्किंग भी विकसित किये जाने की योजना प्रारंभ हुई है।

प्रदेश की जमीन की रक्षा के लिए सख्त भू कानून धामी सरकार ने अपने वायदे के मुताबिक विस से पास करा लिया। अब तक गैर प्रयोजन उपयोग मे लायी गयी भूमि को सरकार मे निहित करने का प्रावधान इस कानून मे किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों मे अब कृषि भूमि को कोई बाहरी व्यक्ति नही खरीद पायेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मिडिया प्रभारी चन्दन बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, रंजन बर्गली, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहें।

**अवैध मदरसों के खिलाफ धामी सरकार का एक्शन जारी**

# कार्रवाई: उत्तराखंड में अब तक 110 अवैध मदरसों पर लगा ताला

देहरादून
हमारे संवाददाता

पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उधम सिंह नगर में 16 और हरिद्वार में दो मदरसे सील किए। अभी तक 110 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।
प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ धामी सरकार का एक्शन जारी है। अब तक 110 मदरसों पर ताला लगाया जा चुका है। प्रशासन द्वारा अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किए जा रहे थे। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कड़ा रुख अपनाया हुआ है। बृहस्पतिवार को रुद्रपुर में 4, किच्छा में 8, बाजपुर तीन, जसपुर एक और हरिद्वार में दो मदरसों को सील किया गया जबकि इससे पहले देहरादून, पौड़ी में भी बड़े स्तर पर अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 92 मदरसों को सील किया जा चुका है।

उधम सिंह नगर जनपद में 16 और हरिद्वार में दो अवैध मदरसों को सील



कर दिया गया ।अब तक पूरे उत्तराखंड में 110 मदरसों को सील किया जा चुका है। पिछले एक माह से उत्तराखंड प्रशासन द्वारा अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किया जा रहे थे।

सीएम धामी ने इन मदरसों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को फ्री हैंड दिया हुआ है, जिसका व्यापक असर भी देखने को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने इस बात की भी जांच शुरू कर दी है कि इतने बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे इन अवैध मदरसों के पीछे किसका हाथ है और यहां पर छात्रों को किस प्रकार की तालीम दी जा रही थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश साफ है कि प्रदेश के मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी धर्म की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी दफ्तर में बैठने की आदत को छोड़ दें, सड़क पर उतरकर काम करें: आइजी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

आइजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार प्रेसवार्ता की। उन्होंने बेसिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी दफ्तर में बैठने की आदत को छोड़ दें। सड़क पर उतरकर काम करें। अधिकारी जब सड़क पर उतरकर काम करेंगे तो कानून व यातायात व्यवस्था स्वत-सुधर जाएगी। काम को अंजाम तक पहुंचने के लिए हर अधिकारी को खुद आगे आना पड़ेगा।

कुमाऊं की पहली महिला महिला आइजी रिद्धिम अग्रवाल ने बुधवार देर शाम कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही गुरुवार को हल्द्वानी आइजी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि अपराध को नियंत्रण में करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अर्धसैनिक बलों व समीपवर्ती राज्यों के संग बेहतर तालमेल स्थापित कर सीमाओं पर बाहरी अपराधियों की घुसपैठ रोकी जाएगी। आपदा व साइबर अपराध को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए आइजी ने कहा कि एसडीआरएफ में उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। कुमाऊं के कुछ जिले आपदा के लिहाज से संवेदनशील हैं। वहां के ग्रामीणों के संग मिलकर आपदा प्रबंधक के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे। इसी तरह साइबर अपराध से लोगों को बचाने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी थाना-चौकी में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता से लें। किसी पीड़ित को परेशान न होना पड़े।महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लिया जाए।



### पुरुष दारोगा क्यों नहीं कर सकता प्रारंभिक जांच

आइजी ने कहा कि अक्सर महिला उत्पीड़न के मामले में महिला दारोगा को मौके पर भेजा जाता है। पुरुष दारोगा ऐसा क्यों नहीं कर सकता। महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की प्रारंभिक जांच पुरुष दारोगा भी कर सकते हैं। हां आगे की कार्रवाई महिला दारोगा को करनी होगी।

# परीक्षा देने गया नौवीं का छात्र लापता, स्कूटी जंगल में जली मिली

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

रामपुर रोड जीतपुर नेगी क्षेत्र से गुरुवार से लापता कक्षा नौ के छात्र की स्कूटी जंगल से जली हालत में बरामद हुई है। यर्थाथ मिश्रा नामक यह छात्र स्कूटी लेकर गुरुवार की सुबह परीक्षा देने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह लौट कर घर नहीं आया। बालक के परिजनों ने जंगल में मिली जली हुई स्कूटी को यर्थाथ की बताते हुए शिनाख्त की है। पुलिस लापता बालक की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार जीतपुर नेगी क्षेत्र में स्थित महादेव एंक्लेव में रहने वाले योगेश मिश्रा का कक्षा नौ में पढ़ने वाला बेटा यर्थाथ बीते दिवस नौवी कक्षा की परीक्ष देने के लिए घर से निकला था। शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे अपने स्तर पर तलाशना शुरू कर दिया।

रात लगभग 11 बजे जीतपुर नेगी क्षेत्र में रामपुर रोड से बरेली मार्ग को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के पास जंगल में एक स्कूटी को जलते हुए देखा तो पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंची और स्कूटी मालिक की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद योगेश मिश्रा भी घटना स्थल पर परिजनों के साथ पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि स्कूटी उनके बेटे यर्थार्थ के पास थी।

पुलिस ने बताया कि परिवार के सदस्यों से यर्थाथ के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पनियाली, हल्द्वानी में महिला महाविद्यालय, हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली के दौरान स्वयंसेवियों ने बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने वाले नारे लगाए तथा ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। रैली में शामिल एक स्वयंसेवी छात्रा पूजा बिष्ट ने कहा, कि गांवों में आज भी लड़कियों की शिक्षा को लेकर कई भ्रांतियां हैं। हम चाहते हैं कि ग्रामीण यह समझें कि बेटियां भी बेटों के समान ही परिवार और समाज के विकास में योगदान दे सकती हैं। शिक्षा से ही सशक्तिकरण संभव है।इसके पश्चात निःशुल्क




नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा प्रदान करना था। नेत्र जांच शिविर का आयोजन शुभानु नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से किया गया, जिसमें डॉ. भानु पांगती, हिमांशु पांगती एवं मार्केटिंग हेड आनंद सिंह एवं उनकी टीम ने 100 से अधिक ग्रामीणों की आंखों की जांच की। उन्होंने ग्रामीणों को नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श भी दिया और कुछ जरूरतमंद लोगों को चश्मे तथा नेत्र संबंधी उपचार की सलाह दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने कहा स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी समाज के विकास की नींव होती हैं।उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, संपत्ति में हिस्सेदारी, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न से बचाव, और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। खिमेश पेनेरु ने कहा कई बार जानकारी के अभाव में महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित रह जाती हैं। हमारा उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को यह जानकारी देना है कि कानून उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कितने प्रभावी प्रावधान करता है। अगर कोई महिला किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय का शिकार होती है, तो उसे तुरंत कानूनी सहायता लेनी चाहिए। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसका विषय था महिला शिक्षा और आत्मनिर्भरता। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता पंत ने इस अवसर पर कहा महिला शिक्षा केवल एक लड़की के जीवन को नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को सशक्त बनाती है। हमारा प्रयास है कि गांव-गांव तक इस संदेश को पहुंचाया जाए। इस अवसर पर डॉ. हिमानी , सुनील खाती, चंद्रशेखर भट्ट सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट लाइट को टार्च लेकर विरोध जुलूस निकाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऊर्जा निगम की ओर से नैनीताल पालिका क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट को काट दिए जाने के बाद नैनीताल नगर में छाए अंधेरे का मामला अब तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर बीरवार की देर रात नैनीताल पालिका के जनप्रतिनिधियों (जिसमें पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल व सभासदों) तथा यहां के स्थानीय लोगों ने आक्रोश में टार्च लेकर विरोध जुलूस निकाला। इससे पूर्व नगर में अंधेरा होने के बाद प्रशासन को उर्जा निगम व पालिका को आमने सामने बैठाना पड़ गया लेकिन कोई हल नहीं निकला।



बता दें कि नैनीताल नगर पालिका की ओर से स्ट्रीट लाइट का 4 करोड 12 लाख बिल का भुगतान ऊर्जा निगम को नहीं किया गया है। जिसके चलते ऊर्जा निगम की ओर से बुधवार को पालिका को नोटिस भेजकर शाम को शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जिसके चलते पूरी रात शहर अंधेरे में डूबा रहा। शहर में चर्चाओं के बाद बीरवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने ऊर्जा निगम के ईई को पत्र लिख शहर में स्ट्रीट लाइट चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर में अंधेरा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए लोगों की परेशानी देखते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट जलाई जाए। इसके बाद भी उर्जा निगम की ओर से लाईट का कनेक्शन नहीं जोड़ा तो मामला और गर्म हो गया।

जिसके बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल ने पालिका व उर्जा निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान पालिका की ओर से एक वर्ष के बिल का भुगतान करने की बात कही। लेकिन उर्जा निगम की ओर से 50 प्रतिशत बिल जमा करने की बात पर अड़ा रहा। साथ ही पालिका के प्रस्ताव को अपने उच्च अधिकारियों मामने रख आगे निर्णय लेने की बात कही। हांलाकि कुछ पालिका सभासदों ने शहर में लाईट न जलने पर धरना देने की भी चेतावनी दी । वरूणा अग्रवाल ने बताया कि लंबे समय से बिजली का भुगतान नहीं होने पर उर्जा निगम की ओर से पालिका की स्ट्रीट लाईट का कनेक्शन काट दिया गया है। जिससे शहर में रात अंधेरा रहा और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस समस्या के समाधान के लिए दोनों विभागों को साथ बैठाकर वार्ता की गई। नगर पालिका की ओर से बिल जमा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा गया है। जिसको उर्जा निगम ने अपने उच्च अधिकारियों को भेजा है। उम्दीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। इस दौरान उर्जा निगम के ईई एसके सहगल,पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी व विनोद जीना समेत सभासद मुकेश जोशी, गीता उप्रेती, भगवत रावत, जितेंद्र पांडे जीनू, मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट तथा सुरेंद्र कुमार व काजल आर्य मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### वन पंचायत मजेला धारी में अजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित



**धारी।** वन पंचायत मजेला धारी में अजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए । अजय कुमार पहले से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं अजय की पढ़ाई एम बी पी जी महाविद्यालय हल्द्वानी से बी ए। तृतीय वर्ष में चल रही है और अजय को वन संरक्षण और ग्राम विकास में रुचि रखने वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। अजय कुमार की जीत विशेष रूप से चर्चा का विषय रही, क्योंकि वे सबसे कम उम्र के सरपंच बने। अजय कुमार की जीत से यह साबित होता है कि अब युवा भी स्थानीय शासन में सक्रिय भूमिका निभाने लगे हैं। अजय ने चुनाव के दौरान यह वादा किया था कि वे डिजिटल तकनीक, पारदर्शिता और नई योजनाओं के साथ वन पंचायत को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

### सेमिनार हॉल ओल्ड आर्ट्स में शुरु

**नैनीताल ।** देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड के अंतर्गत आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत बीरवार को कार्यशाला सुबह 10:30 बजे से डीएसबी परिसर के सेमिनार हॉल ओल्ड आर्ट्स में शुरु हुई। कार्यशाला का संचालन डॉ.विजय कुमार समन्वयक देवभूमि उद्यमिता केन्द्र वाणिज्य विभाग डी0एस0बी0परिसरएनैनीताल द्वारा करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया तथा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य वक्ता डॉ0 भूपेन्द्र मेहरा देवभूमि उद्यमिता योजना के इण्डस्ट्री मेन्टॉर ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि इन समस्याओं का कैसे समाधान किया जा सकता है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने प्रतिभागियों को देवभूमि योजना उत्तराखंड के अंतर्गत अपना उद्यम प्रारंभ कर चुके तथा उनके उत्पादों के विषय में डाला साथ ही विभिन्न क्रियाविधियों से नियोजन एप्रबंध तथा समन्वयन को समझाया ।

### मानव वन्य जीव संघर्ष एवं जन जागरूकता कार्यक्रम

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज की ओर से नगर के शेर का डांडा क्षेत्र के अंतर्गत मंगावली क्षेत्र में बीते दिवस वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी एवं मानव वन्य जीव संघर्ष एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान एवं बचाव हेतु जानकारी दी गई साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष के विषय में अवगत कराया गया। नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोहरा के नेतृत्व में की गई इस गोष्ठी में संतोष जोशी वन दरोगा, हेमा बिष्ट, मनीषा नेगी, वन आरक्षी कुंदन बिष्ट, उपनल कर्मचारी एवं आनंद लाल, मुकेश बिष्ट तथा माधवी देवी फ ायर वॉचर तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

### आज माता शीतला देवी मंदिर में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**नैनीताल ।** शीतलाष्टमी के विशेष मौके पर शुक्रवार (आज) को माता शीतला देवी मंदिर नैनीताल (श्री हनुमानगढ़ के पीछे) में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगें। सबसे पहले प्रातः 10 बजे श्री गणेश पूजा तत्पश्चात श्रीरामचरितमानस पाठ आरम्भ होगा जिसका समापन 22 मार्च यानी शनिवार को दोपहर 12 बजे हवन के साथ होगा। इस दौरान प्रसाद वितरण भंडारा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

### होटल कर्मी को पर्यटकों से अभद्रता करना पड़ा भारी

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में होटल कर्मी को पर्यटकों से अभद्रता करना भारी पड़ गया। पुलिस ने होटल कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मेरठ से एक पर्यटक का परिवार तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहरा हुआ था। बुधवार की देर रात खाना खाते समय पर्यटक की किसी बात को लेकर होटल कर्मी से बहस हो गई। बहस के दौरान गुस्साया होटल कर्मी पर्यटकों से अभद्रता पर उतर आया। पर्यटक के परिवार की महिलाओं ने विरोध जताया लेकिन होटल कर्मी उनसे भी बहस में उतर आया जिसके बाद पर्यटकों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद एसआई अंजुला जौन पुलिस कर्मियों के साथ होटल पहुंची। जहां पर्यटकों ने पूरी बात बताई, इस दौरान होटल का व्यवहार देख पुलिस ने उसको फ टकार लगाई, जिसके बाद होटल कर्मी गोविंद सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गयी।



# गाय प्रभाव तब दिखाएगी जब हम माता का सम्मान दिलाएंगे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के डीएसए मैदान में चल रही धेनुमानस गौ कथा तीसरे दिन यानी बीरवार को भी जारी रहा। इस दौरान कथा में यजमान नीरज पंत और उनकी पत्नी रेनू पंत रहे। कथा में व्यास गोपाल मणि महाराज ने कहा कि जो सतकर्म का फल योग, तपस्या, त्याग, जप तथा पूजा पाठ आदि से नहीं मिलता वह गौ सेवा से मिल जाता है। कथा सुनाते हुए कहा कि गाय के लिए जो प्राण छोड़ता है उसे अवश्य मुक्ति मिल जाती है। कहा कि गाय अपना प्रभाव तब दिखाएगी जब हम उसे माता का सम्मान दिलाएंगे और गौ माता राष्ट्रमाता बनेगी। आयोजक मण्डल ने बताया कि शुक्रवार (आज) को कथा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इस दौरान कमला रावत, भगवती बिष्ट, लीला, पार्वती, ममता रावत, पवन बिष्ट, वीरू मेहरा, चरन सिंह बिष्ट, महेन्द्र भंडारी, पूजा भंडारी, कमला तथा मुन्नी भट्ट, प्रेमा भंडारी तथा केशव समेत कई गौ भक्त मौजूद रहे।

# नियमितीकरण को 258वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बीरवार को 258वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने बीरवार को निगम मुख्यालय नैनीताल में निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर को पौधा देकर मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की। प्रबंध निदेशक से हुई वार्ता के क्रम में शीघ्र ही संविदा कर्मचारियों की वरीयता सूची जारी की जाएगी। संविदा कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन देने व वर्ष 2018 के बाद निगम के संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के प्रकरण को भी आगामी निदेशक मंडल की बैठक में रखा जाएगा। उन्होंने महासंघ की निगम स्तर के मांग पत्र पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में निगम प्रशासन की ओर से महाप्रबंधक विजय नारायण शुक्ल, वित्त नियंत्रक दिनेश राणा थे वही महासंघ की ओर से गुरुरानी के अलावा महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, विक्रम शाह, दीपक पांडे, कोषाध्यक्ष तारा दत्त भट्ट तथा जतिन चौरसिया, नरेंद्र थापा तथा आसिफ आदि उपस्थित रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# परेशानीः कोटाबाग ब्लाक का पंगूट-देचौरी मोटर मार्ग निर्माण का लंबित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के कोटाबाग ब्लाक का पंगूट-देचौरी मोटर मार्ग का लंबित पड़ा निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है जिसकी वजह से क्षेत्र में पडने वाली दर्जनों ग्राम सभाओं के वाशिदों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए भाजपाईयों के शिष्टमंडल ने नैनीताल में पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता व कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष तथा भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द सिंह पडियार के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियंता श्रीमान रत्नेश सक्सेना से मिला और मामले को लेकर विस्तार से वार्ता की। शिष्टमंडल के मुताबिक ईई सक्सेना ने आश्वस्त किया कि पंगूट -देचौरी मोटरमार्ग का अवशेष निर्माण कार्य जल्दी ही स्वीकृत होने वाला है और पंगूट से तल्ला बगड़ तक मार्ग में नाली निर्माण, खड़ा मुक्त के लिए पैच भरान का काम किया जायेगा, इस हेतु विभाग ने कारवाई भी शुरू कर दी है। इसी क्रम में पडियार के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता मनोहर धर्मसत्तू से भी वार्ता की गयी जिसमें धर्मसत्तू ने अवगत कराया कि पंगूट-देचौरी अवशेष मोटरमार्ग के टू लेन निर्माण कार्य हेतु सचिव लोनिवि से सहमति मिल गई है और जल्द ही स्वीकृति की उम्मीद जताई। इस दौरान शिष्टमंडल ने जिला योजना के कार्यो के बारे में भी दोनों अधिकारियों से वार्ता की,जिसमें भूमिया मंदिर से तोला की ओर बन रहीं सडक् के बारे में भी चर्चा हुई जिसमें मार्ग पूरा न होने की स्थिति में विभाग आगे भी इस मार्ग को बनवाने में सहयोग करेगा। पंगूट-देचौरी मोटर मार्ग व जिला योजनाओं के बारे में लाल सिंह बिष्ट द्वारा विस्तृत जानकारी से विभाग को अफसरों को अवगत कराया। शिष्टमंडल में अरविन्द सिंह पडियार समेत भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट व पूर्व मंडल मंत्री संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर दंत विभाग द्वारा मरीजों तीमारदारों को जागरूक किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में वीरवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य दिवस पर दंत विभाग द्वारा मरीजों व उनके तीमारदारों को जागरूक किया गया। इस दौरान डेंटल सर्जन डॉ. तनुता पाल ने बताया कि इस वर्ष ओरल हैल्थ डे की थीम स्वस्थय मुख स्वस्थय मस्तिष्क है। यह थीम मौखिक स्वस्थ्य और मानसिक कल्याण के संबंध पर जोर देने के लिए निर्धारित की गई है। लोगों को उनके ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करना और मौखिक स्वास्थय की देखभाल को प्राथमिकता देना है। कहा की अस्पताल में विगत एक माह में 11,323 लोगों के दांतों का उपचार किया गया है। इस साल फरवरी तक 1593 लोग दांत से सम्बन्धित दिक्कत के चलते अस्पताल पहुंचे हैं। बताया कि दांत शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है अपने दांतों का भी बाकी शरीर के



हिस्सों की तरह ध्यान रखना चाहिए। बताया कि यह एक माह तक ओरल हैल्थ मंथ के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्कूलों में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे, इसके साथ ही मैराथन रेस तथा स्कूल के टीचर्स की ट्रेनिंग व टॉक शो तथा नुक्कड़ नाटक तथा होर्डिंग और बैनर व सोशल मिडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. तरूण कुमार टम्टा समेत डॉ.द्रौपदी गर्बयाल, दंत सर्जन डॉ. प्रशांत कुमार पाठक, डॉ ममता पांगती समेत प्रेमा फर्त्याल, डॉ.नरेंद्र कार्की, राजेंद्र सिंह बोहरा, मेट्रन शशि कला पांडे, जितेश कुमार, सुषमा बेलवाल, पुष्पा वर्मा, शांति आर्य, कमला कुंजवाल सहित नर्सिंग स्टाफ तथा आशाएं समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अभिमत

## तंत्र की जरूरत

***सोशल मीडिया पर अश्लील, समाज में विकृति उत्पन्न करने वाली सामग्री की भरमार है। कुछ लोग समाज में गंदगी फैलाने को मौलिक अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तर्क देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि मौलिक अधिकार थाली में परोसकर नहीं मिलते, बल्कि इसके साथ कर्तव्य और जिम्मेदारियां भी जुड़ी हैं। अदालत ने अश्लील सामग्री विनियमित करने के लिए एक तंत्र बनाने का मसौदा तैयार कर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।***

सोशल मीडिया और ऑनलाइन मीडिया में प्रसारित सामग्री विनियमित करने की व्यवस्था नहीं है। सोशल मीडिया पर अश्लील, समाज में विकृति उत्पन्न करने वाली सामग्री की भरमार है। कुछ लोग समाज में गंदगी फैलाने को मौलिक अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तर्क देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि मौलिक अधिकार थाली में परोसकर नहीं मिलते, बल्कि इसके साथ कर्तव्य और जिम्मेदारियां भी जुड़ी हैं। अदालत ने अश्लील सामग्री विनियमित करने के लिए एक तंत्र बनाने का मसौदा तैयार कर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया को शालीनता और नैतिकता के मानकों को बनाए रखने की शर्त पर पॉडकास्ट पुनः शुरू करने की अनुमति दी। इसके साथ यह भी कहा कि इस शो के प्रसारण से 280 लोगों की आजीविका जुड़ी है, इसलिए शो बंद नहीं किया जा रहा है। अदालत ने प्रिंट मीडिया की भूमिका पर भी टिप्पणी की है। जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि हम जानते हैं कि कुछ लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर लेख लिख रहे हैं, ऐसे लोगों से भी अदालत निपटना जानती है। सबसे बड़ी बात यह है कि सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए फिल्म सेंसर बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। फिल्म रिलीज होने से पहले सेंसर बोर्ड निरीक्षण करता था और आपत्तिजनक चित्र तथा संवाद हटा देता था। फिल्म की श्रेणी भी निर्धारित होती थी। कुछ फिल्में सिर्फ वयस्क ही देख सकते थे। जबकि सोशल मीडिया और ऑनलाइन शो बच्चे से लेकर वृद्ध तक देख रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के एपिसोड जिज्ञासा से देखे हैं। हमने पाया कि इस शो में विकृतियां दूसरे स्तर की हैं, एक पुरुष और एक महिला को भूल जाएं, दो पुरुष भी एक साथ बैठकर इस शो को नहीं देख सकते। यह बात सही है कि एंड्रायड मोबाइल फोन पर यूट्यूब समेत कई ऐसी साइट हैं, जिनकी सामग्री परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर नहीं देख सकते। व्यंग्य और हास्य की आड़ में गंदी भाषा का इस्तेमाल हो रहा है। अदालत ने कहा कि गंदी भाषा का इस्तेमाल किसी की प्रतिभा नहीं है। सॉलिसिटर जनरल ने भी कहा कि अगर हंसाने के लिए अश्लीलता का इस्तेमाल करना पड़ता है, तो आप अच्छे हास्य अभिनेता नहीं हैं। दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। कई फिल्मों में द्विअर्थी संवाद का हास्य अभिनेताओं ने इस्तेमाल किया। सभ्य समाज में अश्लीलता का कोई स्थान नहीं है।

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग तथा प्रो.राजेन्द्र सिंह नैनो साइंस सेंटर, कोरिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के रैम्प कन्वर्जेंस रिसर्च सेंटर के सहयोग से बीरवार से नैनीताल में इन एनर्जी, फंक्शनल मैटीरियल, मॉलिक्यूल्स एंड नैनो टैक्नोलॉजी एंड नेशनल वर्कशाप ऑन सालिंड वेस्ट मैनेजमैंट विषयक तीन दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन शुरु हो गया है।

इससे पूर्व सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. डी. पी. सिंह (पूर्व अध्यक्ष यूजीसी ) तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. राकेश भटनागर (पूर्व कुलपति) तथा कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत तथा प्रो. वान कुक चोई (कोरिया) ने दीप जलाकर सम्मेलन का शुभारंभ किया जबकि सम्मेलन के आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ तथा शॉल ओढाकर स्वागत किया गया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ,जबकि सम्मेलन का संचालन प्रो. गीता तिवारी ने किया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अतिथियों द्वारा सारांश बुक का विमोचन किया गया जिसमें सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने वाले अनुसंधान पत्रों और प्रमुख विषयों का सारांश शामिल था। इस मौके पर प्रो. चित्रा पांडेय (डीन विज्ञान संकाय) द्वारा सभी का स्वागत किया गया। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक प्रो. नंद गोपाल साहू ने तीन दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कुलाधिपति प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह (कुलाधिपति टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मुंबई) ने अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ऊर्जा, नैनो प्रौद्योगिकी और कार्यात्मक सामग्री भविष्य की चुनौतियों से निपटने में कितनी महत्वपूर्ण है। प्रो. सिंह ने कहा कि नवीन अनुसंधान और तकनीकी विकास समाज की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं और इस क्षेत्र में शोधकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन में दक्षिण कोरिया के चेयर पर्सन योंग चेई जंग कोरिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के रैम्प कन्वर्जेंस रिसर्च सेंटर के प्रोफेसर ने कहा कि पॉलिमर के सहयोग से शोध कार्य को नई दिशा दी जा सकती है जिससे विकास को नई गति मिलेगी । विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने डेवलपमेंट ऑफ जेनेटिकली इंजीनियर वैक्सीन थेराप्यूटिक एंटी बॉडीज एजेंट एंथ्रेक्स विषय पर व्याख्यान दिया, जिसे शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज फ ॉर वुमेन में आयोजित किया गया था। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत का मुख्य भाषण एक अणु की खोज की कहानी जो असाध्य रोग पार्किंसन के लिए दूसरे मानव क्लीनिकल ट्रायल तक पहुँचा,समापन पर में डॉ. महेश चंद्र आर्य कुमाऊँ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने सभी के प्रति धन्यवाद किया। की नोट प्रो. स्वामीनाथन शिवरामए पुणे ने छिद्रयुक्त बहुलक संरचना- गुणधर्म और अनुप्रयोग विषय पर भाषण दिया। इस मौके पर 50 से ज्यादा शोधार्थियों ने अपना शोध प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 250 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल रहे।

सम्मेलन में प्रो. गणेश पांडे, प्रो. ए बी मेलकानी, प्रो. के बी मेलकानी, प्रो.ललित तिवारी,प्रो.एंथनी,डा. विमलेश, डॉ विजय कुमार, प्रो.मोहंती,प्रो. हाजरा, डॉ ललित मोहन,डॉ सोहेल जावेद ,डॉ मनोज धूनी,डॉ अंचल अनेजा, डॉ पैनी जोशी, डॉ भावना पंत,डॉ दीपशिखा जोशी,डॉ आकांशा रानी, प्रो. एच मिश्र, प्रो. मोहन सिंह मेहता, डॉ गिरीश खर्कवाल,डॉ चेतना तिवारी,डॉ कुंदन सिंह, डॉ सुनील ढाली,डॉ गौरव,डॉ भास्कर बोरा, डॉ शाहिद हुसैन तथा डॉ. दुयांग चोई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नाव से दूसरी नाव में कूदने पर 12 के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में नौकायन के दौरान एक नाव से दूसरी नाव में कूदना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने 12 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मथुरा से घूमने आए 12 युवक बीरवार को नैनीझील में तीन पैडल बोट में नौकायन कर रहे थे। इस दौरान युवक बीच झील में एक बोट से दूसरी बोट में कूद रहे थे। लोगों ने हल्ला कर उनको ऐसा करने से मना किया लेकिन वह नहीं माने। जिसके बाद लोगों ने तल्लीताल पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने मौके पर पहुँचकर युवकों को रोका और तल्लीताल पुलिस चौकी ले आए। जहां पुलिस ने युवकों को फटकार लगाई तो युवक पुलिस से सुबूत मांगने लगे। जब पुलिस ने उन्होंने युवकों को वीडियो दिखाई तो वह शांत हो गए। एसआई बबिता ने बताया कि नियमों का उलंघन करने पर मथुरा निवासी गौरव तोमर/ युवराज सिंह/ रजत/ हर्षित/ पिंकेश सिंह/ रजत कुमार/ अमन/ मोहित/ मोंटी/ कुलदीप सिंह व सौरभ के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की बैठक में वित्तीय लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय वित्त समिति की 19वीं बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वित्त नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह द्वारा विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के साथ-साथ अन्य वित्तीय लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल आय रू0 93.73 करोड़ के सापेक्ष रू0 89.33 करोड़ के व्यय प्रस्ताव पारित किये गये जिसमें प्रमुख रूप से हल्द्वानी परिसर में रू0 20.00 करोड़ की लागत से एजुकेशन, रिसर्च, इन्नोवेशन एवं इनकुवेशन सेन्टर की स्थापना तथा रू0 25.00 करोड़ की लागत से विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र देहरादून में क्षेत्रीय केन्द्र, आदर्श अध्ययन केन्द्र एवं परीक्षा भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त



बेहतर वित्तीय प्रबन्धन के कारण विश्वविद्यालय को ब्याज से होने वाली आय जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 3.00 करोड़ थी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर रू0 9.00 करोड़ होने का अनुमान है।

बैठक में अध्यक्ष वित्त समिति, कुलपति प्रो0 ओम प्रकाश सिंह नेगी, सदस्य सचिव, वित्त नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह के अतिरिक्त संयुक्त सचिव, सत्य प्रकाश सिंह, सदस्य कार्यपरिषद आर0सी0 बिन्जोला, प्रतिनिधि सचिव वित्त, वित्त नियंत्रक बची राम आर्य, विशेष आमंत्रित सदस्य कुलसचिव खेमराज भट्ट आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सलमान की सिकंदर में नजर आएंगे कई साउथ एक्टर्स



*जल्द ही सलमान खान की 'सिकंदर' में उनके साथ कई साउथ फिल्मों के एक्टर्स भी अभिनय करते हुए नजर आएंगे। ईद के मौके पर सलमान खान की फिल्म सिकंदर सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इस फिल्म में जहां कई बॉलीवुड के कलाकार हैं, वहीं चार नामी दक्षिण भारतीय फिल्मों के कलाकार भी नजर आएंगे। यह पहली बार नहीं है कि जब किसी हिंदी फिल्म में एक से अधिक साउथ फिल्मों के एक्टर्स नजर आए हों। पहले भी कई बॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दक्षिण भारतीय कलाकारों ने चलाया है। सलमान खान की सिकंदर में दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने कलाकार काम कर रहे हैं। इसमें काजल अग्रवाल, रश्मिका मंदाना, किशोर और सत्यराज शामिल हैं। रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल साउथ की सबसे चर्चित अभिनेत्रियां हैं। वहीं साउथ फिल्म 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाकर पैन इंडिया में मशहूर हुए सत्यराज भी एक अहम किरदार सलमान की 'सिकंदर' में करेंगे। वहीं साउथ के एक नामी एक्टर किशोर भी फिल्म का हिस्सा हैं, यह कलाकार दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी वर्सटाइल एक्टिंग के लिए जाना जाता है। इस फिल्म को एआर मुरुगादॉस ने निर्देशित किया है।*

### पिछली फिल्मों में रोल

*साल 2023 में रिलीज हुई सलमान खान की ही फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में भी वेंकटेश, और जगतपति बाबू जैसे नामी दक्षिण भारतीय कलाकार नजर आए। फिल्म को फरहाद शामजी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में कहानी दिल्ली से शुरू होकर तेलगांना तक पहुंचती है। रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस(2013)' में शाहरुख खान ने मुंबई में रह रहे चालीस वर्षीय आदमी राहुल का किरदार किया। वहीं दीपिका पादुकोण ने एक दक्षिण भारतीय लड़की का रोल किया। साल 2023 में शाहरुख खान की हिट फिल्म 'जवान' में भी विलेन के रोल में विजय सेतुपति नजर आए। वहीं शाहरुख के किरदार के अपोजिट नयनतारा दिखीं।*

# बीएलएम एकेडमी में बच्चों ने योग, जुंबा और रोबोटिक्स सीखा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी में आयोजित स्प्रिंग कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें खेल और व्यायाम, कला और शिल्प, संगीत और नृत्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, और भाषा और साहित्य शामिल थे।प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने कहा कि यह कैंप बच्चों को नए कौशल सीखने, दोस्त बनाने और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि कैंप में बच्चे कौशल विकास की विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, जिनमें योग, जुंबा, रोबोटिक्स, पेंटिंग, ड्रॉइंग, मूर्तिकला, गायन, वाद्य, नृत्य, रोबोटिक्स, कोडिंग, विज्ञान प्रयोग, कहानी सुनाना, कविता लेखन, और भाषा खेल शामिल हैं।बच्चों को एक सुरक्षित और समर्थनकारी वातावरण में अपने कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। तो अगर आपके बच्चे को यह कैंप पसंद है, तो उन्हें जरूर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस दौरान उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर, पूनम क्वात्रा, यासमीन अली, प्रीति वोहरा,राज चौहान और हेमंत जोशी ने सफल संचालन में सहयोग किया।



News कॉर्नर

## पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक की माता के निधन पर शोक

**नैनीताल ।** इतिहासकार, उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक की माता प्रेमा पाठक के निधन पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक प्रकट किया है। राज्य आंदोलनकारी इंद्र सिंह नेगी के अध्यक्षता हुई शोक सभा में दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना कर शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में इंद्र नेगी, प्रकाश आर्य, महेश जोशी, पान सिंह, डी. एन. भट्ट, संजय बिष्ट, भुवनेश्वर रावत,हेम वारीयाल,राजीव कुमार तथा पत्रकार कैलाश जोशी, जितेंद्र पाठक, मनोज काण्डपाल तथा पूर्व प्रधान तारा सिंह आदि शामिल रहे।

## प्रशासन ने चार और अवैध मदरसे किए गए सील

**रुद्रपुर।** जनपद में अवैध मदरसों के खिलाफ पुलिस प्रशासन की कार्रवाई जारी है। पुलिस प्रशासन, शिक्षा और अल्पसंख्यक विभाग की टीम ने चार गांवों में अवैध रूप से संचालित मदरसों को सील कर दिया। अब तक क्षेत्र में छह मदरसे सील किए जा चुके हैं। बृहस्पतिवार की दोपहर एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ सिटी प्रशांत कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम फोर्स के साथ ग्राम मलसी पहुंची। टीम ने फैज ए रसूल मदरसा को पंजीकरण सहित जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर सील कर दिया। इसके अलावा टीम ने ग्राम बडोरा में मदरसा जीनत उल इस्लाम, कुरैया में मदरसा अलजामिया और कुरैया में स्थित ताजोसरिया को भी सील कर दिया। एसडीएम मनीष बिष्ट ने बताया कि दो दिन की कार्रवाई में अवैध रूप से संचालित छह मदरसे सील किए गए हैं। एक मदरसा संचालक को कागजात पूरे करने के लिए, एक सप्ताह का समय दिया गया है। प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई से मदरसा संचालकों में हडकंप मच गया । कार्रवाई के दौरान तहसीलदार दिनेश कुटौला, कोतवाल मनोज रतूड़ी के साथ ही शिक्षा विभाग और अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरीश हत्याकांड: पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

खुलासा



### दोनों के बीच डेढ़ वर्ष से चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस के मुताबिक मृतक हरीश की पत्नी पारुल और मो.रईस उर्फ बाबू के बीच पिछले डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चलने की जानकारी मिली। दोनों के मोबाइल की डिटेल ने भी प्रेम प्रसंग का राज खोल दिया। हरीश ने दोनों के राज का पता होने पर विरोध किया।

किच्छा पुलिस ने हरीश हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी को प्रेमी समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तकिया भी बरामद कर लिया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। गुरुवार दोपहर को पुलिस कार्यलय में एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 17 मार्च 25 को पारूल ने पति हरीश निवासी वार्ड 1 मल्ली देवरिया थाना किच्छा पुलिस को सूचना दी कि 15 मार्च 25 रात्रि 9 बजे लापता हो गए। एसपी क्राइम ने बताया कि उसी दिन करीब 3 बजे मल्ली देवरिया में गेहूँ के खेत मे पीपल के पेड के पास एक शव मिला। जिसकी शिनाख्त हरीश पुत्र बनवारी निवासी वार्ड 1 मल्ली देवरिया किच्छा के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। एसपी क्राइम के मुताबिक 19 मार्च 25 को मृतक के भाई शंकर पुत्र बनवारी की तहरीर पर एफआईआर नंबर 85/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम मो. रईस आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के सुपुर्द हुई। एसपी क्राइम अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी कोतवाली किच्छा आईपीएस अधिकारी निशा यादव, सीओ सितारगंज के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारुल के घर पर दबिश दी गई तो घर के अंदर बने कमरे में नामजद अभियुक्त मो.रईस उर्फ बाबू पुत्र अहमद हुसैन निवासी वार्ड 20 इन्द्रानगर सैरिया मस्जिद के पास सिरोली कलां पुलभट्टा को पारुल पत्नी स्व0 हरीश को गिरफ्तार कर लिया। 15 मार्च 25 को पारूल व रईस ने मिलकर कमरे मे रखे तकिये से हरीश के मुँह पर रखकर दबाया।रईस ने हरीश के हाथ पैर पकड़ लिए थे। हत्या के बाद हरीश के शव को पारुल की मदद से रईस ने पीठ में लादकर गेहूँ के खेतो के बीच से ले जाकर फैंक दिया। एसपी क्राइम ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के मोबाइल फोन की डिटेल ने पूरा राज खोल दिया। पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाली किच्छा प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी निशा यादव निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी लालपुर सुरेन्द्र रिंगवाल, एसआई हेमचन्द्र तिवारी, एसआई राजेन्द्र पन्त, एएसआई जगदीश सिंह, किशोर कुमार, मनोज कुमार,नवीन भट्ट, रेखा आर्या सर्विलांस टीम से विरेन्द्र रावत आदि शामिल रहे।

# ग्रीष्मकाल व मानसूनकाल की तैयारियों को लेकर अधिकारियों

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आगामी गीष्मकाल में सुचारू पेयजल व विद्युत एवं मानसून काल में जल भराव व बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अभी से पूर्ण तैयारियां करने निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी भदौरिया ने सम्बन्धित अधिकारियों की ग्रीष्मकाल व मानसूनकाल की तैयारियों की बैठक लेते हुए कहा कि गर्मी का सीजन प्रारम्भ हो गया है, जैसे ही गर्मी बढ़ेगी पेयजल समस्याएं उत्पन्न होंगी। इसलिए पेयजल महकमा अपनी पेयजल लाईनो, हैण्डपम्प, नलकूपो को जहां भी मरम्मत आदि की जरूरत है उसे तत्काल करा लें ताकि जनमानस को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होंने कहा फिर भी पेयजल समस्या आने पर बैकल्पिक रूप से पेयजल उपलबध कराने हेतु टैंकरों की व्यवस्था भी अभी से सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने विद्युत अभियंताओ को भी विद्युत लाईनो, ट्रांसफर्मो आदि की मरम्मत करने व भण्डार में अतिरिक्त ट्रांसफर्मर रखने के निर्देश दिये ताकि नलकूपो व अन्य क्षेत्रों में ट्रांसफर्मर खराब होने पर तत्काल बदलकर विद्युत व्यवस्था सुचारू की जा सकें।

उन्होंने नगर निकायो को शहरो के सार्वजनिक स्थलो, बस अड्डो व कार्यालयो में प्याऊ, वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को लू लगने व गर्मी से होने वाले अन्य बीमारियों की दवाएं, ओआरएस पर्याप्त मात्रा में रखने के साथ ही सभी चिकित्सालयों में लू वार्ड व बर्न वार्ड स्थापित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा लू से बचाव हेतु जन जागरूता अभियान भी चलाया जाय। उन्होंने अग्निशमन को शहरो में स्थापित फायर सिस्टम की जांच करने व वाहनों को तैयार रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियो, खण्ड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में वनाग्नि पर भी पैनी नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियो से समन्वय बनाकर कार्ययोजना बनाते हुए नदी-नाले, नहर व शहरी क्षेत्र में नालो-नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियो को निर्देश दिये कि प्रथम चरण में सभी नाली व नालो को 30 अप्रैल तक सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालो की दुबारा सफाई कराना भी सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने सड़क महकमों को निर्देश दिये कि स्कवर, पुलिया के नीचे का मलवे की सफाई करना सुनिश्चित करेंगें। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु, एडीएम अशोक कुमार जोशी, ओसी गौरव पाण्डेय,ईई लोनिवि ओपी सिंह, सिंचाई बीएस डांगी, एएस नेगी, अजय कुमार जौन, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित सभी एसडीएम,निकाय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# कार सवार दबंगों ने प्राईवेट बस को ओवरटेक कर तोड़फोड़ की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



कार सवार दबंगों ने प्राईवेट बस को जबरन रुकवार बस में तोड़फोड़ कर चालक के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित ने दबंगों पर हजारों की नगदी भी लूटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि हमलावर एक लाख की रंगदारी की मांग कर रहे हैं।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। चौधरी बस सर्विस में बतौर ड्राईवर काम करने वाला ग्राम बहदिया कला थाना मजगई जिला लखीमपुर निवासी विजेन्द्र पाल पुत्र तुलसी राम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह बस संख्या यूके 08पीए-1877 को लेकर 19 मार्च की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे काशीपुर रोड भगवानपुर से गुहर रहा था। इसी दौरान लाल रंग की स्विफ्ट कार में सवार कुछ लोगों ने बस को जबरन रूकवा लिया। आरोप है कि तमंचे की नोंक पर बस से उतारकर जमकर मारपीट की और बस में तोड़फोड़ शुरू करते हुए 27 हजार 200 रूपये लूट लिये। पीड़ित ने बताया कि हमलावर मेरठ के पास गढ़ के रहने वाले हैं उन्हें यह सब करने के लिए देहरादून के कुछ लोगों ने भेजा था। आरोप है कि वह लोग एक लाख की रंदारी की मांग कर रहे हैं। बस चालक के मुताबिक इसी दिन इन्हीं लोगों ने पीलीभीत में भी चौधरी बस सर्विस की पांच बसों में तोड़फोड़ की है जिसका मुकदमा सम्बंधित थाने में दर्ज है। वह लोग धमकी दे रहे हैं कि अगर इस रोड पर बस चलाओगे तो एक लाख रूपये देने होंगे वरना बसों को इसी तरह तोड़ते रहेंगे। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कलसिया पुल की मरम्मत का असर रूसी बाईपास तक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

काठगोदाम में कलसिया पुल की मरम्मत के चलते पूरे पहाड़ का यातायात रूसी बाईपास से चलाया जा रहा है जिसके चलते रूसी बाईपास में यातायात बढ़ गया है। बीरवार को पुलिस पूरे दिन यातायात व्यवस्था बनाने में जुटी रही। बता दें इन दिनों काठगोदाम कलसिया पुल की मरम्मत के चलते पुलिस की ओर से काठगोदाम में वन वे यातायात व्यवस्था की गई है। जिसके चलते नैनीताल व पहाड़ के सभी वाहनो को कालाढूंगी मार्ग से हल्द्वानी भेजा जा रहा है। जिसके चलते भवाली की ओर से आने वाले वाहनों को बाया एक नंम्बरए रूसी बाईपास से कालाढूंगी की ओर भेजा जा रहा है। बीरवार को पुलिस की ओर से हर चौराहे पर तैनात होकर यातायात व्यवस्था बनाई गई।

मामले में एसपी (अपराध व यातायात) डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि पुल की मरम्मत होने तक हल्द्वानी से पहाड़ को आने वाले वाहनों को एंट्री दी जाएगी लेकिन नैनीताल व पहाड़ से हल्द्वानी जाने वाले वाहनों को बाया एक नंम्बर व रूसी बाईपास से होकर कालाढूंगी के रास्ते हल्द्वानी भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### रोडवेज बसों में हल्द्वानी का किराया बढ़ाया

**नैनीताल ।** काठगोदाम में कलसिया पूल निर्माण के कारण यात्री अब नैनीताल से रूसी बाइपास से हल्द्वानी की ओर जाने वाले मार्ग पर यात्रा करने को मजबूर हैं। इस बदलाव के कारण यात्रियों को 30 किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है जिससे उन्हें दोगुना किराया चुकाना पड़ रहा है। बस यात्रियों को अब हल्द्वानी का सामान्य किराया 50 रुपये से बढ़ाकर 135 रुपये देना पड़ रहा है जबकि टैक्सी में हल्द्वानी का किराया 400 रुपये तक पहुंच गया है। इस बढ़े हुए किराए के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि वे अतिरिक्त खर्च करने के बावजूद मजबूरी में यात्रा कर रहे हैं। रोडवेज के इंचार्ज धर्मानंद जोशी ने बताया कि हमने रोडवेज बसों में हल्द्वानी का किराया 50 रुपये से बढ़ाकर 135 रुपये कर दिया है। यह कदम यात्री सुरक्षा और मार्ग परिवर्तन के कारण लिया गया है।

# बलियानाला भूस्खलन की रोकथाम कार्यों में आएगी तेजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वर्ष 2018 में बलियानाला में हुए भूस्खलन की रोकथाम के कार्यों में अब जल्द ही तेजी आएगी।

हाल ही में प्रस्तावित डीपीआर में संशोधन के बाद अब इस परियोजना के लिए 298 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। इससे पहले इस योजना का बजट 177 करोड़ रुपये था लेकिन अब इसमें लगभग 121 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

प्रोजेक्ट मॉनिटर कमेटी के सुझाव और आईआईटी की टीम की ओर से किए गए निरीक्षण के बाद नए प्रस्ताव में बदलाव किया गया है। इन बदलावों के तहत कुछ तकनीकी पहलुओं को भी संशोधित किया गया है जिससे कार्य की गुणवत्ता और गति में सुधार होगा। नए प्रस्ताव के अनुसार शॉर्टकटिंग तथा माइक्रोपाइल्स एसडीए (सोइल ड्रिलिंग एंकर) और सेल्फ ड्रिलिंग एंकरिंग की लंबाई को 12 मीटर से बढ़ाकर 20 मीटर कर दिया जाएगा। इससे न केवल निर्माण कार्य में सुधार होगा बल्कि बलियानाला क्षेत्र में भूस्खलन की रोकथाम होगी। ईई विजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस समय शासन से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद बलिया नाला के कार्यों में तेजी आएगी और इस परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है । श्री भवान सिंह नैनवाल से हिंदू रीति रिवाज से शादी के बाद मैंने अपना नाम सुनीता आर्य से सुनीता नैनवाल कर दिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना ओर पहचाना जाए। - **सुनीता नैनवाल पत्नी भवान सिंह नैनवाल वार्ड नं.10 तल्ला गोरखपुर हल्द्वानी जिला नैनीताल।**

# विधायक पहुंचे कलसिया पुल के निरीक्षण को, खस्ता हालत पर गहरी चिंता जताई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



विधायक सुमित हृदयेश ने आज काठगोदाम स्थित कलसिया पुल का निरीक्षण कर उसकी खस्ता हालत पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पुल से 17 नट-बोल्ट चोरी हो चुके हैं, जो न केवल गंभीर लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि प्रशासन की असफलता को भी उजागर करता है। चौंकाने वाली बात यह है कि पुल से मात्र 100 मीटर की दूरी पर पुलिस थाना स्थित है, इसके बावजूद इस तरह की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, पुल के बंद होने से स्थानीय जनता, व्यापारी वर्ग, पहाड़ों की ओर जाने वाले पर्यटकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग बाधित होने से यातायात प्रभावित हो गया है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, और इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर पुल की शीघ्र मरम्मत की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि मरम्मत में अधिक समय लगता है, तो वैकल्पिक मार्ग अथवा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जनता को राहत मिल सके विधायक ने काठगोदाम पुलिस थाने के अधिकारियों से भी फोन पर वार्ता की और पुल की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन कैमरों की व्यवस्था उनकी विधायक निधि से की जाएगी, ताकि पुल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने और पुल के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की।उन्होंने यह भी बताया कि यह पुल पिछले तीन वर्षों से केवल अस्थायी रूप में बनाया गया है।